an>

Title: Need to re-start air flights from Kolhapur to Mumbai under 'Udaan' Scheme.

श्री धनंजय महाडीक (कोल्हापुर): धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया है।

अध्यक्ष जी, प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014-15 में छोटे शहरों को बड़े शहरों से एयर कनेक्टिविटी देने के लिए महत्वपूर्ण 'उडान' योजना बनाई थी। मैं सरकार का आभारी हूं कि जब से मैं चुनाव जीता था, वर्ष 2014 से मैंने चार बार यहां मांग की थी कि कोल्हापुर को मुंबई से जोड़ा जाए। 17 अप्रैल, 2018 को यह सर्विस शुरू हुई और दो महीने अच्छे से चली। हम उसे दो 90 प्रतिशत बुकिंग देते थे और अगले तीन महीने की बुकिंग भी हमने दी थी, फिर भी 20 अप्रैल को अचानक डेक्कन चार्टर, जिसने वह सर्विस शुरू की थी, उसे बन्द कर दिया। उसका कोई रीजन नहीं दिया गया। जब हमने पूछा तो बताया गया कि कोई टेक्नीकल इश्यू है।

अध्यक्ष जी, आप जानती हैं कि कोल्हापुर बहुत ही ऐश्वर्य -सम्पन्न जगह है। वहां महालक्ष्मी मंदिर है, लाखों टूरिस्ट्स वहां आते हैं, कल्चरल हेरिटेज है और वहां इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट भी अच्छी हो रही है। इस कम्पनी में कोई प्रोफेशनलिज्म नहीं है, इसको ब्लैकलिस्ट करना चाहिए और दूसरी कोई भी कम्पनी जैसे इंडिगो, स्पाइस जेट, एयर एशिया है और सरकार की कंपनी भी है, उनको कोल्हापुर-मुंबई सर्विस शुरू करने की इजाजत दी जाए। उनको छ: महीने रुकने की जरूरत नहीं है। 'उडान' योजना के तहत ही यह सर्विस फिर से शुरू की जाए, यह हमारे कोल्हापुर के लोगों की डिमाण्ड है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री राजन विचारे,

श्रीमती सुप्रिया सुले,

श्री राजीव सातव और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री धनंजय महाडीक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

रवनीत जी, एक मिनट में अपनी बात पूरी कीजिए।